## ब्रीफ न्यूज

### सारधा मामले में दिलीप हाजरा से की पूछताछ

**कोलकाता.** सारधा चिटफंड मामले में सीबीआइ ने गुरुवार को वरिष्ठ पुलिस अधिकारी दिलीप हाजरा से पूछताछ की. मामले की जांच जब विधाननगर कमिश्नरेट की टीम कर रही थी, उस समय हाजरा इस मामले के जांच अधिकारी व स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआइटी) के सदस्य थे. सीबीआइ का मानना है कि एसआइटी की जांच के दौरान ही कई सारे सबूत मिटाये गये हैं, इसी को लेकर सीबीआइ ने दिलीप हाजरा को पूछताछ के लिए बुलाया था. साल्टलेक सीजीओ कॉम्प्लेक्स में सीबीआइ ने उनसे काफी देर तक पूछताछ की.

### नेता के साथ मारपीट

**हुगली.** तारकेश्वर में बस स्टैंड के पास एक तृणमूल नेता श्रीकांत गोस्वामी के साथ मारपीट की गयी. इसका आरोप भाजपा नेता लाल्टू बाग और सिकंदर साव पर लगाया गया है. बस स्टैंड के पास पालिका के तृणमूल ट्रेड यूनियन कार्यालय में कुछ लोगों ने हमला बोल दिया और वहां मौजूद श्री गोस्वामी से मारपीट की.

### साइकिल सवार की मौत

**खड़गपुर.** बेलदा थाना अंतर्गत कुलिगेड़िया गांव में पिकअप के धक्के से साइकिल सवार की मौत हो गयी. मृतक का नाम केदारनाथ साव (55) है. वह बारबेलिया गांव का रहने वाला था. वह साइकिल से सड़क पार कर रहा था तभी एक पिकअप ने उसे धक्का मार दिया. घटना के बाद पिकअप का चालक फरार हो गया.

### महेशतला : स्कूल में चोरी

**कोलकाता.** महेशतला थाना स्थित चट्टकालिकापुर के सुवेदाली गर्ल्स हाई स्कूल में बुधवार की रात 19 हजार की चोरी की घटना प्रकाश में आयी. बुधवार की रात प्रधान शिक्षिका ने बताया कि स्कूल में सीसीटीवी है, लेकिन रात को बारिश व आंधी के कारण सीसीटीवी को बंद कर दिया गया था. उन्होंने बताया कि 19 हजार रुपये, साड़ी, पीतल की ट्रॉफी इत्यादि चोरी हुई है.

### दो डकैत गिरफ्तार

**हावड़ा.** डोमजूर थाने की पुलिस ने छह नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग से दो डकैतों को डकैती की योजना बनाते गिरफ्तार किया है. उनके पास से एक पिस्तौल, एक लोहे की छड़ और एक चाकू बरामद किये गये हैं. पुलिस ने बताया कि छह से सात डकैत यहां एकत्रित हुए थे. छापामारी के दौरान बाकी भाग गये जबकि दो को लोगों को पकड़ लिया गया.

### हथियार के साथ गिरफ्तार

**हावड़ा.** शिवपुर थाने की पुलिस ने बुधवार रात एक व्यक्ति को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया. उसका नाम मोहम्मद आजाद है. उसके पास से एक पिस्तौल और कारतूस बरामद किये गये हैं. गुरुवार को उसे हावड़ा अदालत में पेश किया गया, जहां मजिस्ट्रेट ने उसे 14 दिनों की जेल हिरासत में भेज दिया. आरोपी शिवपुर के पीएम बस्ती का रहने वाला है.

### पिस्तौल के साथ गिरफ्तार

**हावड़ा.** सांकराइल थाने की पुलिस ने बुधवार रात जंगलपुर इलाके के बलराम होटल के पास से एक युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया. आरोपी का नाम मिराज खान है. उसके पास से एक पिस्तौल और कारतूस जब्त हुए हैं. जानकारी के अनुसार, वह छह नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग पर किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में था.

### पाइप गन के साथ गिरफ्तार

**कोलकाता.** अशोकनगर थाना की पुलिस ने बुधवार रात हथियार के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया. उसका नाम आजाद हुसैन (27) है. वह अशोकनगर के माठपाड़ा इलाके का रहनेवाला है. उसके पास से एक पाइप गन और एक कारतूस बरामद किया गया है.

### वृद्धा का शव बरामद

**कोलकाता.** मोचीपाड़ा में सरपेंटीन लेन इलाके से गुरुवार देर शाम एक वृद्धा का सड़ा-गला शव बरामद किया गया. मृतका की पहचान निर्मला प्रमाणिक (68) के रूप में हुई है.

**असुविधा.** ब्रिज पर भारी वाहन व बसों की आवाजाही पर भी लगी रोक

# जर्जर टाला ब्रिज पर आपात बैठक आज

- ब्रिज से गुजरेंगे सिर्फ छोटे वाहन

संवाददाता ▷ कोलकाता

माझेरहाट ब्रिज जैसी घटना को रोकने के लिए राज्य सरकार ने उत्तर कोलकाता में स्थित टाला ब्रिज पर भारी वाहन व बसों की आवाजाही पर रोक लगाने का फैसला किया है. टाला ब्रिज के भविष्य को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को राज्य सचिवालय नवान्न भवन में आपात बैठक बुलायी है. गुरुवार को राज्य सचिवालय में टाला ब्रिज की स्थिति को लेकर बैठक हुई. बैठक में तय किया गया है कि फिलहाल भारी वाहन व बसों की आवाजाही पर रोक लगायी जायेगी. टाला ब्रिज की मरम्मत की जायेगी या इसे तोड़ कर नया ब्रिज बनाया जायेगा, इसका फैसला शुक्रवार को मुख्यमंत्री करेंगी. जानकारी के अनुसार, ब्रिज पर भारी वाहन व बसों पर रोक लगाने से पहले राज्य सरकार वैकल्पिक रास्ता भी तय करना चाहती है, क्योंकि टाला ब्रिज महानगर को उत्तर 24 परगना व नदिया जिले से जोड़ता है.

**राइट्स ने टाला ब्रिज को तोड़ने का दिया है प्रस्ताव :** टाला ब्रिज की संरचनात्मक परिस्थिति की जांच करने के बाद राइट्स ने इसे तोड़ने की सिफारिश की है. राइट्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि टाला ब्रिज कभी भी टूट सकता है, इसलिए इस ब्रिज को जल्द से जल्द तोड़ देना चाहिए. राइट्स की रिपोर्ट मिलने के बाद राज्य सरकार ने लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ब्रिज पर भारी वाहन व बसों की आवाजाही पर रोक लगाने का फैसला किया है. इस संबंध में राज्य सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अगर इस ब्रिज पर भारी वाहनों की आवाजाही को नहीं रोका गया, तो कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है, इसलिए लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है.

**गुरुवार को मुख्य सचिव के नेतृत्व में हुई बैठक :** गुरुवार को राज्य सचिवालय नवान्न भवन में मुख्य सचिव मलय दे के नेतृत्व में उच्चस्तरीय बैठक हुई, जिसमें राइट्स द्वारा पेश की गयी रिपोर्ट पर चर्चा की गयी. इस बैठक में राइट्स के साथ-साथ लोक निर्माण विभाग, केएमडीए, कोलकाता नगर निगम व कोलकाता पुलिस के अधिकारी उपस्थित रहे. बैठक के दौरान राइट्स के अधिकारियों ने रिपोर्ट पेश करते हुए कहा कि टाला ब्रिज की हालत काफी जर्जर है. यह कभी भी गिर सकता है. इस ब्रिज के माध्यम से ही उत्तर कोलकाता उपनगरी क्षेत्रों से जुड़ता है. बस व मिनी बस बंद होने से यहां के लोगों को काफी परेशानी हो सकती है. जानकारी के अनुसार, ब्रिज पर बस मिनी, बस, लॉरी, मैटाडोर सहित बड़े वाहनों के आवागमन पर रोक लगायी जायेगी. पूजा के समय आमलोगों को कोई परेशानी ना हो, इसके लिए पुलिस वैकल्पिक रास्ते को लेकर विचार-विमर्श कर रही है.

**बांग्लार बाड़ी योजना के तहत घर देगी सरकार :** प्रशासन के समक्ष एक समस्या ब्रिज के नीचे बसे झुग्गी-झोपड़ियों के वाशिंदों को यहां से स्थानांतरण करने को लेकर भी है. इस संबंध में राज्य के शहरी विकास मंत्री व कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम ने यहां रह रहे लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी लोगों को राज्य सरकार द्वारा बांग्लार बाड़ी योजना के तहत घर दिये जायेंगे. उन्होंने बताया कि टाला ब्रिज के नीचे लगभग 200 लोग रहते हैं.

**32 ब्रिजों की जांच करेगी राइट्स :** राइट्स अब मोबाइल ब्रिज यूनिट को लेकर लोक निर्माण विभाग के दक्षिण जोन के 32 ब्रिजों की जांच करेगी. राइट्स ने तारातला ब्रिज से इसकी शुरुआत की है. टाला ब्रिज के बाद बेलघरिया सेतु, बाली ब्रिज, बैरकपुर सेतु, मध्यमग्राम ब्रिज, मोड़ग्राम ब्रिज व मातला नदी पर बने सेतु की स्वास्थ्य जांच भी मोबाइल ब्रिज यूनिट के माध्यम से की जायेगी. इस यूनिट की सुविधा यह है कि इसकी गाड़ी में ही हाइड्रॉलिक प्रोसेस यूनिट लगी हुई है और इसी में एक क्रेन भी है, जिससे ब्रिज के किसी भी हिस्से में जाकर उसकी जांच की जा सकती है.

## ब्रीफ न्यूज



### जीआरएसई अधिकारियों ने लेकटाउन-सॉल्टलेक पोर्टेबल स्टील ब्रिज का किया निरीक्षण

**कोलकाता.** गार्डेनरीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, रियर एडमिरल वीके सक्सेना, आईएन (सेवानिवृत्त) ने निर्माणाधीन लेकटाउन- सॉल्टलेक पोर्टेबल स्टील ब्रिज को केएमडीए को सौंपने से पहले गुरुवार को इसका निरीक्षण किया. उनके साथ निदेशक (वित्त), जीआरएसई एसएस डोगरा और जीआरएसई के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे. जीआरएसई के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक ने कहा कि जीआरएसई, राज्य सरकार के महत्व व आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ऐसे आपातकालीन/आपदा राहत कार्यों के लिए पुल सामग्री का पूर्व स्टॉक रखता है. केएमडीए द्वारा हमें साइट सौंपने से लेकर लगभग 12 दिनों में पुल की स्थापना को पूरा करने के लिए हम रोमांचित हैं. ब्रिज के लिए 17 सितंबर 2019 को साइट सौंपी गयी और 28 सितंबर तक इसका निर्माण कार्य पूरा कर लिया जायेगा.

## देवी के चेहरे पर लगेगा सोने का मुखौटा




संतोष मित्रा स्क्वायर की प्रतिमा के सोने के मुखौटे का माप लेता कलाकार. यह प्रतिमा वर्कशॉप में तैयार की जा रही है.

## छात्रा पर एसिड फेंकने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**कोलकाता.** प्रेम प्रस्ताव मानने से इनकार करने पर एक युवक ने छात्रा पर एसिड फेंक कर घायल करने की कोशिश की. इस घटना में छात्रा बाल-बाल बच गयी. एसिड फेंक कर भाग रहे युवक को लोगों ने पकड़ कर बुरी तरह पीट कर घायल कर दिया. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर आरोपी को भीड़ से बचा कर थाने ले गयी. उसका नाम आकाश मंडल है. यह घटना उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट थाना अंतर्गत भावला स्टेशन के निकट हुई. पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की जांच में जुट गयी है. मिली जानकारी के अनुसार आकाश और पीड़ित छात्रा दोनों टॉकी कॉलेज में पढ़ते हैं. काफी दिनों से आकाश कॉजेल की प्रथम वर्ष की छात्रा से एक तरफा प्रेम करता था, लेकिन छात्रा को आकाश पंसद नहीं था. बताया गया कि आकाश ने कई बार छात्रा के समक्ष अपना प्रेम प्रस्ताव रखा था, लेकिन हर बार वह इनकार कर देती. इससे नाराज होकर आकाश ने गुरुवार दोपहर कॉलेज आते समय भावला स्टेशन के निकट छात्रा पर एसिड से हमला कर दिया. संयोग से एडिस छात्रा के शरीर पर नहीं गिरा. उसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उसे पीट कर अधमरा कर दिया.

### विद्यासागर जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

**हुगली.** चुंचुड़ा में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से ईश्वरचंद्र विद्यासागर की जंयती मनायी गयी. इस अवसर पर चुंचुड़ा कॉलेजिएट स्कूल, चुंचुड़ा देशबंधु मेमोरियल गर्ल्स हाई स्कूल और चुंचुड़ा मनसातला में ईश्वर चंद्र विद्यासागर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया. चुंचुड़ा बालिका बाणी मंदिर हाई स्कूल व प्राइमरी स्कूल की तरफ से विद्यासागर के पोस्टर व बैनर के साथ बड़ी रैली निकाली गयी. इसके साथ ही चुंचुड़ा रवींद्र भवन में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ. चुंचुड़ा के विधायक असित मजूमदार, हुगली चुंचुड़ा नगर पालिका के चेयरमैन गौरीकांत मुखर्जी, वाइस चेयरमैन अमित राय सहित पार्षदों ने इन सभी कार्यक्रमों में हिस्सा लिया.

### विद्यासागर की आवक्ष मूर्ति का अनावरण

**हुगली.** ईश्वरचंद्र विद्यासागर की 200वीं जयंती पर उत्तरपाड़ा माखला हाई स्कूल में आवक्ष मूर्ति का अनावरण किया गया. अनावरण उत्तरपाड़ा कोतरंग नगर पालिका के चेयरमैन दिलीप यादव ने किया. इस अवसर पर स्कूल के हेडमास्टर सौमित्र बनर्जी, स्कूल संचालन कमेटी की अध्यक्ष डॉली यादव, शुभमय सरकार, शिक्षिका मऊ भट्टाचार्य, संगीता बनर्जी, रीति सेन, समीर मंडल, मुरली चौधरी, अभिजीत अधिकारी, रंजीत दत्त सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे. शंखमाला सरकार, प्राप्ति भट्टाचार्य, कौशाली साहा और प्रमिता दत्त ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया.



## सरकारी मेडिकल कॉलेज में दाखिला के नाम पर 6.19 लाख रुपये की ठगी, तीन गिरफ्तार

- बिहार के वारिसलीगंज से दबोचे गये तीनों
- दस मोबाइल, डेबिड कार्ड, एटीएम समेत कई बैंकों के दस्तावेज जब्त



**कोलकाता.** सरकारी मेडिकल कॉलेज में दाखिला के नाम पर 6.19 लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में कोलकाता पुलिस की साइबर सेल ने बिहार के नवादा से तीन लोगों को गिरफ्तार किया हैं. तीनों के नाम ओमकार कुमार उर्फ सुरज कुमार (22), राकेश कुमार (19) और रंधीर कुमार (19) है. तीनों बिहार के नवादा के वारिसलीगंज के रहनेवाले हैं. उनके पास से दस मोबाइल, सिम कार्ड, डेबिड कार्ड, एटीएम कार्ड, बैंक के कई पासबुक समेत काफी दस्तावेज जब्त किये गये हैं. उनके बैंक अकाउंटों से पुलिस ने कुल 1.4 लाख रुपये जब्त किये हैं.

पुलिस के मुताबिक चित्तपुर थाना क्षेत्र के दमदम रोड निवासी अनिर्बान साहा ने गत अगस्त माह में कोलकाता पुलिस के साइबर थाने में शिकायत दर्ज करायी कि ज्वाइंट इंट्रेंस की परीक्षा पास करने के बाद वह बेहतर सरकारी संस्थान में दाखिला के लिए इंटरनेट पर सर्च कर रहा था. इसी दौरान उसे मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया की तरह ही भारत सरकार का लोगो व स्टांप, ईमेल के साथ एक वेबसाइट दिखी, जिससे संपर्क करने पर उससे दाखिला के लिए छह लाख 19,500 रुपये अकाउंट के जरिए जमा लिये गये, लेकिन न तो उसे दाखिला मिला और न ही उसे जमा की गयी रकम वापस मिली. पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान पता चला कि यह फर्जी तरीके से वेबसाइट बना कर गिरोह ठगी कर रहा था. गिरफ्तार तीनों आरोपी ठगी की घटना को अंजाम देने के बाद मोबाइल नंबर और सिम चेंज कर देते थे. वे पेटीएम समेत विभिन्न वॉलेट के जरिए रुपये मंगवा कर उसे दूसरे खातों में भेज कर निकाल लेते थे. इस मामले में जांच करते हुए बिहार के नवादा पहुंची पुलिस ने बुधवार को ही तीनों को गिरफ्तार किया. तीनों को ट्रांजिट रिमांड पर कोलकाता लाया गया. प्राथमिक पूछताछ में पता चला है गिरोह पहले भी कइयों से ठगी कर चुका है. तीनों से पूछताछ कर गिरोह में लिप्त और लोगों के बारे में भी पता लगाया जा रहा है.

### केंद्रीय मंत्री ने किया विद्यासागर स्मारक सेमिनार का उद्घाटन

**कोलकाता.** पंडित ईश्वर चंद्र विद्यासागर की द्विशतवार्षिकी पर स्थानीय एशियाटिक सोसाइटी में आज से शुरू हुए दो दिवसीय स्मारक सेमिनार का उद्घाटन केंद्रीय पर्यटन व संस्कृति राज्य मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने किया. अपने उद्घाटन अभिभाषण में श्री पटेल ने पंडित विद्यासागर को प्रख्यात शिक्षाविद् और अति-परंपरावाद के विरुद्ध समाज सुधारक पुरोधा बताया. उन्होंने कहा कि पंडित विद्यासागर ने बाल विवाह के प्रति जागरूकता फैलाने के साथ-साथ विधवा-विवाह और स्त्री शिक्षा प्रसार द्वारा बंगाल के पुनर्जागरण के लिए प्रभावी कार्य किया. श्री पटेल ने कहा कि उनका मंत्रालाय 236 वर्ष पूर्व स्थापित होकर लगातार प्राच्य विद्या प्रसार हेतु कार्य कर रही एशियाटिक सोसाइटी को यथा-संभव सहयोग देता रहेगा.

### एंग्लो गुजराती स्कूल की चित्र प्रदर्शनी

**कोलकाता.** द कलकत्ता एंग्लो गुजराती स्कूल की वार्षिक चित्र प्रदर्शनी का आयोजन स्कूल प्रांगण में किया गया, जिसमें नर्सरी से लेकर हायर सेकेंडरी के छात्रों ने भाग लिया. प्राइमरी के छात्रों ने अपना विषय पृथ्वी तथा पर्यावरण संरक्षण चुना. बच्चों ने कला, इतिहास, भूगोल, क्राफ्ट आदि विषयों पर आलोचनात्मक तथ्य परख मॉडलों के माध्यम से अपने ज्ञान को प्रदर्शित किया. प्रदर्शनी का उद्घाटन तरूणभाई माणिक ने किया. इस मौके पर विद्यालय के मंत्री मुकेश भाई मेहता, चंद्रेशभाई मेघानी, गीतांजलि बेन ठक्कर, परेशभाई दफ्तरी, नरेंद्रभाई कापड़िया, कमलेशभाई खारा, नरेशभाई मकानी आदि उपस्थित थे. संचालन प्रधानाचार्य जिमी सायनी ने किया.

### एनसीसी कैडेटों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**हुगली.** बैंडेल रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता पखवाड़ा के तहत गुरुवार को स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया. एनसीसी ऑफिसर धर्मेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में 43वीं बंगाल बटालियन एनसीसी, चुंचुड़ा के अंतर्गत बैंडेल महात्मा गांधी हिंदी विद्यालय एनसीसी ट्रूप 350 के 60 एनसीसी कैडेटों ने सफाई जागरूकता अभियान चलाया, जिसके तहत कैडेटों ने रेलवे स्टेशन परिसर की सफाई की और नुक्कड़ नाटक करके आम आदमी को सफाई के प्रति जागरूक किया. इस अवसर पर एनसीसी बटालियन कमांडिंग आफिसर कर्नल अमन नेगी, सूबेदार मेजर निरंजन, स्टेशन अधीक्षक एस गुप्ता, सीएचआइ राजीव कुमार, जीआरपी ओसी महादेव बेरास, एसआइ साधन शील, आरपीएफ एसआइबी कांस्टेबल नुनुचंद महतो, विद्यालय अध्यक्ष रवींद्रनाथ तिवारी, प्रधानाध्यापक विजय कुमार प्रसाद, शिक्षक नथुनी प्रसाद, रंजीत सिंह और परिसर के सफाई कर्मी मौजूद थे.

## पकड़े गये तीन और तस्कर 3.58 लाख के जाली नोट जब्त



**कोलकाता.** हाल में सियालदह स्टेशन के नजदीक बेलियाघाटा रोड से गिरफ्तार तमिलनाडु के सक्रिय जाली नोट तस्कर राजू वी से पूछताछ में मिले सुराग के आधार पर कोलकाता पुलिस के स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने तीन और तस्करों को 3.58 लाख रुपये के जाली नोट के साथ गिरफ्तार किया है. एसटीएफ सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तार तीनों तस्करों के नाम सोनू सिंह (28), विकास (28) और रणवीर उर्फ सेक्रेटरी (45) हैं. तीनों हरियाणा के रोहतक के निवासी हैं. गत 17 सितंबर को तमिलनाडु के कांचीपुरम निवासी राजू वी को एसटीएफ ने रात 10.45 बजे के करीब 2.80 लाख रुपये के जाली नोटों के साथ सियालदह इलाके से ही दबोचा. राजू मालदा से सप्लायरों से जाली नोट लेकर वापस तमिलनाडु लौटनेवाला था. इससे पूर्व ही गुप्त सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया. कोलकाता पुलिस के ज्वाइंट सीपी (एसटीएफ) शुभंकर सिन्हा सरकार ने बताया कि गिरफ्तार राजू वी से ही इन तस्करों के बारे में पता चला. उसी आधार पर एसटीएफ ने गुरुवार को 10.25 बजे तीनों को 3.58 लाख रुपये के जाली नोट के साथ सियालदह के बिग बाजार इलाके से दबोचा. तीनों को वहां संदिग्ध स्थिति में देख उन्हें पकड़ कर उनकी तलाशी ली गयी, तो उनके पास से दो हजार रुपये के कुल 179 बरामद हुए. तीनों से पूछताछ की जा रही है. प्राथमिक पूछताछ में पता चला है कि ये तीनों भी यहां से जाली नोट की खेप लेकर लौटनेवाले थे.

## एमएसटीसी लिमिटेड की वार्षिक आम बैठक



**कोलकाता.** भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में एक मिनी रत्न श्रेणी- I का सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम, एमएसटीसी लिमिटेड की 54वीं वार्षिक आम सभा (एजीएम) आयोजित हुई. विश्व बंगला कन्वेंशन सेंटर, न्यूटाउन, कोलकाता में आयोजित इस एजीएम की अध्यक्षता बीबी सिंह, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ने की. 29 मार्च, 2019 को कंपनी के शेयर बीएसई और एनएसई में सूचीबद्ध होने के बाद यह कंपनी का पहला एजीएम है. एजीएम में, कंपनी के शेयरधारकों ने 31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए बोर्ड और लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट के साथ वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के अंकेक्षित स्टैंडअलोन समेकित वित्तीय विवरण को अपनाया है. एजीएम में, कंपनी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक ने इस बात को रेखांकित किया है कि एमएसटीसी बाजार के ई-कॉमर्स नेता के रूप में उभरा है, जो चुनौतियों का सामना करते हुए समग्र आर्थिक और कारोबारी माहौल की तुलना में परिचालन स्तर पर कंपनी की वृद्धि को एक सीधा प्रोत्साहन देता है. एमएसटीसी ने ई-कॉमर्स और रिसाइक्लिंग दोनों क्षेत्रों में अपने भावी दृष्टिकोण पर भी चर्चा की.

### अवैध संबंध के संदेह में पत्नी को किया घायल

**कोलकाता.** अवैध संबंध के संदेह में पति ने पत्नी को धारदार हथियार से माकर कर घायल कर दिया. उसे गंभीर हालत में हाबरा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे गंभीर हालत में कोलकाता आरजीकर अस्पताल में रेफर कर दिया गया. घटना हाबरा थाना इलाके में हुई. शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. उसका नाम अशोक दास बताया गया है.

### बीआर सिंह अस्पताल में सर्जरी ब्लॉक का उद्घाटन



**कोलकाता.** रेलवे स्वास्थ्य सेवा के महानिदेशक डॉ एच प्रदीप कुमार ने गुरुवार को बीआर सिंह अस्पताल में नये इमरजेंसी और सर्जरी ब्लॉक का उद्घाटन किया. इस मौके पर केसी साहू, प्रधान प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक, पूर्व रेलवे और डॉ केएल दास, चिकित्सा निदेशक, बीआर सिंह अस्पताल सहित अन्य उपस्थित थे.

### पुलिस व निगम आयुक्त ने लिया गंगा घाटों का जायजा

**हावड़ा.** दुर्गा पूजा के बाद विसर्जन के दौरान किसी तरह की अप्रिय घटना न घटे, इसके लिए शहर के मुख्य गंगा घाटों का पुलिस आयुक्त गौरव शर्मा और निगम आयुक्त बिजिन कृष्णा ने जायजा लिया. इस मौके पर सिटी पुलिस के अन्य पुलिस अधिकारी भी उपस्थित थे. मालूम हो कि उत्तर हावड़ा के बांधाघाट और मध्य हावड़ा के तेलकल घाट, रामकेष्टोपुर घाट और शिवपुर घाट में अधिकतर प्रतिमाओं को विसर्जन होता है. घाटों की स्थिति कैसी है, इसे देखने के लिए दोनों आयुक्त मुख्य घाटों पर पहुंचे. इस दौरान उन्होंने थाना प्रभारियों से बातचीत की और विसर्जन के दिन पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिये.

### श्रीरामपुर से सॉल्टलेक तक शटल बस सेवा शुरू

**हुगली.** श्रीरामपुर से साल्टलेक तक के लिए शटल बस सेवा का उद्घाटन किया गया. इस मौके पर शटल कंपनी के उपाध्यक्ष वीर सिंह ने सड़क सुरक्षा पर अपने वक्तव्य रखा. इसके साथ ही शटल सेवा से होने वाले लाभ के बारे में भी बताया. उन्होंने बताया कि शटल ऐप के माध्यम से इसे बुक किया जा सकता है. इसके अलावा बस के रूट, ठहराव, सीट की जानकारी आदि इस ऐप के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी. महिला यात्रियों के लिए यह बस पूरी तरह से सुरक्षित है. उन्होंने इस सेवा को शुरू करने में उत्तरपाड़ा नगर पालिका के चेयरमैन दिलीप यादव तथा चांपदानी नगर पालिका के चेयरमैन सुरेश मिश्रा की प्रशंसा की. इस दौरान ग्राउंड अफसर शिवाजी दत्त, विकास साव, राजन साव सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे.

### भाजपा नेता को मिला हत्या की धमकी भरा पत्र

**हुगली.** आरामबाग भाजा सांगठनिक जिला सचिव गणेश चक्रवर्ती को हत्या की धमकी भरा पत्र मिला है. पत्र में केंद्रीय मंत्री बाबुल सुप्रियो के नाम पर अभद्र भाषा का भी प्रयोग किया गया है. श्री चक्रवर्ती ने इसका आरोप माकपा पर लगाया है. उन्होंने कहा कि माकपा कार्यकर्ताओं की ओर से पत्र भेजा गया है. बाबुल सुप्रियो पर हमले के प्रतिवाद में उन्होंने चांपाडागा इलाके में पथावरोध किया था. अनुमान है कि इसी के विरोध में उन्हें धमकी भरा पत्र भेजा गया है.

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में दो गिरफ्तार

**खड़गपुर.** घाटाल थाना अंतर्गत कुठी कोनारपुर गांव के श्रीरामपुर इलाके में एक नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है. उनके नाम अनवर अली व अंसार अली हैं. वे कोनारपुर इलाके के रहने वाले हैं. जानकारी के अनुसार कोतलपुर गांव की रहने वाली कक्षा छठीं की छात्रा बुधवार शाम ट्यूशन पढ़ कर लौट रही थी. आरोप है कि इसी दौरान दोनों उसे पकड़ कर एक सुनसान जगह पर ले गये और उसके साथ दुष्कर्म किया.

### इस्पात एक्सप्रेस में अब आधुनिक एलएचबी कोच

**कोलकाता.** यात्रियों को सुरक्षित और आरामदायक यात्रा प्रदान करने के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व रेलवे ने 12871/12872 हावड़ा-टिटलागढ़ इस्पात एक्सप्रेस में आधुनिक एलएचबी कोच लगाने के निर्णय लिया है. ये कोच 28 सितंबर को हावड़ा से और 29 सितंबर को टिटलागढ़ से जुड़ेंगे.

### माझेरहाट में खाद्य सुरक्षा पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

**कोलकाता.** एसएस गहलोत, अतिरिक्त महाप्रबंधक, पूर्व रेलवे ने गुरुवार को स्पोर्ट्स एकेडमी कैंपस, माझेरहाट में भारतीय रेलवे के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया. प्रशिक्षण कार्यक्रम का मूल उद्देश्य ट्रेनों में सुरक्षित और पौष्टिक भोजन सुनिश्चित कराना था.

बंगाल की खबरें पेज 9 पर भी

हार्दिक श्रद्धांजलि



रामदेव बाल मंडल-धर्मशाला के कर्मठ ट्रस्टी व सहयोगी श्री नीरज सिंघी के पूज्य पिताजी नारायणजी सिंघी के गुरुवार, दिनांक 26.09.2019 को हुये स्वर्गवास पर मंडल गहरा शोक प्रकट करता है एवं बाबा श्री रामदेवजी महाराज से प्रार्थना करता है कि वे दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवार को धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करें।

।। ॐ शांति शांति शांति ।।

रामदेव बाल मंडल
दर्पनारायण टैगोर स्ट्रीट, रामदेव गली, सिंघागढ़ मोड़, कोलकाता-7

## चुनौतियों की विविधता चिंताजनक

बोले एनडीआरएफ प्रमुख

**कोलकाता.** राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के महानिदेशक एस एन प्रधान ने कहा है कि बल के समक्ष चुनौतियों की विविधता चिंता का विषय है. उन्होंने एक स्पष्ट नीति बनाने की मांग की, जिसमें कुछ विशेष श्रेणियों की आपदाओं से निपटने की प्राथमिक जिम्मेदारी राज्यों पर डाली जाये. प्रधान ने कहा कि राज्य सरकारें आपदाओं से निपटने की अपनी क्षमता का आकलन करे बगैर ही विशिष्ट बल के लिए अनुरोध भेज देती हैं और चाहती हैं कि बल हमेशा तैयार रहे. उन्होंने को दिए साक्षात्कार में कहा,'हम किसी भी अनुरोध को मना नहीं करते, लेकिन इसका दायरा लगातार बढ़ रहा है. एक तरफ हम गड्ढे में फंसे बच्चे की मदद कर रहे होते हैं तो दूसरी ओर एनडीआरएफ के जवान किसी और जगह बाढ़ या चक्रवात के हालात में बचाव कार्य कर रहे होते हैं. चुनौतियों की बहुलता चिंता का विषय है.' प्रधान ने यह भी कहा कि एनडीआरएफ तो राज्य सरकारों के लिए एक सहायक बल है, क्योंकि संवैधानिक तौर पर आपदा प्रतिक्रिया की जिम्मेदारी खुद राज्य सरकारों की होती है.

## कलकत्ता उच्च न्यायालय में ई-सिगरेट पर प्रतिबंध को चुनौती दी गयी

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल में कोलकाता की एक इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट थोक कंपनी ने गुरुवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय का रुख कर वैकल्पिक धूम्रपान उपकरणों पर प्रतिबंध लगाने के केंद्र सरकार के निर्णय को चुनौती दी. कंपनी ने इसे मनमाना, भेदभावपूर्ण, हद से ज्यादा और कठोर बताया. वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा के समक्ष दावा किया कि यह प्रतिबंध संविधान के अनुच्छेद 14 (विधि के समक्ष समानता), 19 (अधिकारों का संरक्षण) और 21 (प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता का संरक्षण) के तहत दिए गए मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है. उन्होंने कहा कि वैकल्पिक धूम्रपान उपकरण के उत्पादन, आयात, निर्यात, परिवहन, बिक्री या विज्ञापन देने को प्रतिबंधित करना भेदभावपूर्ण है, क्योंकि यह कम नुकसानदेह है, जबकि सिगरेट, सिगार और बीड़ी जैसे ज्वलनशील तंबाकू उत्पाद स्वास्थ्य के लिए ज्यादा नुकसानदेह हैं और इनकी बिक्री तथा विज्ञापन को कुछ प्रतिबंधों के साथ जारी रखा गया है. इन उत्पादों के विज्ञापन देने पर रोक है और ये स्कूलों के पास या 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति को नहीं बेची जा सकती हैं.